प्रादेशिक समाचार
दिनांक–08.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

हरियाणा और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव की मतगणना जारी है। ताजा रूझान के अनुसार हरियाणा में भाजपा 49 सीटों पर आगे है। जबकि कांग्रेस 35 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। जम्मू कश्मीर में एनसी–कांग्रेस गठबंधन 49 सीटों पर जबकि भाजपा 28 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। हरियाणा में भाजपा की बढ़त पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ठोस काम पर ही जनता आशीर्वाद देती है।

****

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी की टीम जमीन घोटाले से जुड़े मामले में आज रांची, धनबाद और आसपास के इलाकों में छापेमारी कर रही है। यह कार्रवाई रांची के पंडरा थाने में दर्ज प्राथमिकी की आधार पर की जा रही है। ईडी की टीम रांची के कांके अंचल कार्यालय से जुड़े तीन अंचल अधिकारियों और कई जमीन कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। धनबाद के डीटीओ दिवाकर प्रसाद द्विवेदी के सदर थाना क्षेत्र स्थित आवास में आज सुबह ईडी की टीम ने दबिश दी। फिलहाल छापेमारी जारी है। बताया जा रहा है कि ईडी को डीटीओ के आवास से नगद राशि और कई कागजात मिले हैं।

****

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड से दो अक्टूबर को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया है जो वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के विकास को लेकर मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने सभी मुख्यमंत्रियों से इस अभियान की खुद निगरानी करने का आग्रह किया।

****

पलामू टाइगर रिर्जव में एक बाघिन के मिलने की पुष्टि हुई है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

दक्षिणी छोटा नागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा और रांची प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक अनूप बिरथरे ने आज रांची में कई दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने पूजा पंडाल में विधि व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, यातायात और पंडालों में सुरक्षा मानकों की वस्तुस्थिति का जायजा लिया। आयुक्त और पुलिस उपमहानिरीक्षक ने विसर्जन से पहले बिजली के तारों को हटाने और विसर्जन जुलूस तय रूट पर ही निकालने का निर्देश दिया है। साथ ही पंडालों में सीसीटीवी लगाने, बिजली और फायर एनओसी लेने, महिलाओं के लिए अलग से व्यवस्था करने और पर्याप्त संख्या में वालंटियर तैनात रखने के निर्देश दिये हैं।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवरात्रि के छठे दिन देवी कात्यायनी की स्तुति की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कामना की कि देवी कात्यायनी अपने सभी श्रद्धालुओं के जीवन में शक्ति और साहस का संचार करे।

****

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का असर झारखंड पर दिख रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 11 अक्तूबर तक राज्य के सभी हिस्सों में बादल छाये रहेंगे और कई स्थानों पर बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि रांची के अलावा कई जिलों में बारिश हो सकती है।

****

भारतीय एथलेटिक संघ और ओडिशा एथलेटिक्स संघ की ओर से ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित 35वीं पूर्वी क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में झारखंड के एथलीटों ने पहले दिन शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान झारखंड के एथलीटों ने चार स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक अपने नाम किया। इस चैंपियनशिप में झारखंड के अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, मिजोरम, मेघालय, मणिपुर, सिक्किम, त्रिपुरा, नागालैंड, अंडमान निकोबार समेत मेजबान ओडिशा की टीम भाग ले रही है।

*******समाप्त*******